
लोक दर्पण

सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल

क्या है रेन हार्वेस्टिंग प्रणाली

रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के फायदे

रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के तरीके

आओ करें मानसून के स्वागत की तैयारी

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 203, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार





आज का मौसम

45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 05 : 15
सूर्यास्त 19 : 01


बरेली, रविवार, 9 जून 2024


इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक... 11







**पुलिस ने की पैदल गश्त : निगोही।** थाना प्रभारी निरिक्षक अशोक कुमार ने शनिवार शाम पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न मार्गो पर पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।







# सीवर लाइन को खोदे गड्ढे में गिरा साइकिल सवार, रीढ़ की हड्डी टूटी

## सड़क पार करते समय धंस गई मिट्टी, साइकिल के साथ गिरा युवक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में गली-गली में बिछाई जा रही सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे राहगीरों के लिए आफत बने हुए है। शनिवार सुबह साइकिल से अखबार वितरित करने निकले युवक की गड्ढे में गिरने से रीढ़ की हड्डी टूट गई। उसका प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शहर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी दिनेश श्रीवास्तव अखबार बांटने का काम करता हैं। शनिवार सुबह वह प्रतिदिन की तरह घर से रेलवे स्टेशन पहुंचा और एजेंसी से अखबार लेकर साइकिल से शहर में बांटने के लिए निकल गया। शहर के कई मोहल्लों में अखबार बांटने के बाद सुबह करीब सात बजे वह चौक क्षेत्र में चित्रा टॉकीज के पास कुम्हारों वाली गली में मोहल्ला मोहम्मदजई पहुंचा, वहां सीवर लाइन बिछाए जाने के लिए पहले से ही खोदी गई सड़क पर मिट्टी डालकर उसे बराबर कर दिया गया था। आगे गली खुदी हुई थी। दिनेश इस बराबर की गई मिट्टी पर साइकिल लेकर सड़क पार कर रहे था तभी मिट्टी धंस गई और साइकिल का अगला पहिया गड्ढे में फंस गया। इससे साइकिल असंतुलित हो गई और वह मय साइकिल के खाई की तरह खुदे गहरे गड्ढे में गिर गए। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया।


अस्पताल में भर्ती घायल दिनेश श्रीवास्तव।


इसी जगह पर गिरकर घायल हुआ दिनेश।

- **प्राइवेट अस्पताल में भर्ती अखबार बांटने साइकिल से जा रहा था दिनेश**

> अभी जल निगम की ओर से सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है, इसलिए गलियों को नए सिरे से दुरुस्त कराने के काम में देरी हो रही है, जल निगम वालों से वार्ता करके जल्द से जल्द काम पूरा कराया जाएगा।
>
> – डॉ. विपिन कुमार मिश्र, नगर आयुक्त

### सीवर लाइन बिछा दी पर गलियां नहीं कीं बराबर

सीवर लाइन बिछाने में लापरवाही का आलम यह है कि जिन मोहल्लों में लाइन पड़ गई है, वहां पर भी गलियों को समतल नहीं किया गया है। मुख्य सड़कों में कुछ को तो डामरीकरण करके सही कर दिया गया है लेकिन कुछ सड़कें और गलियों में अभी रास्ता ऊबड़-खाबड़ है। तारीन बहादुरगंज, गदियाना, एमनजई जलालनगर आदि तमाम मोहल्ले ऐसे हैं, जहां गलियों को समतल नहीं किया गया।

लोगों ने उसे निकाला और परिवार वालों को सूचना दी। परिजन दिनेश को प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। उसे उठने और बैठने में दिक्कत हो रही थी। डॉक्टर ने एक्सरे कराया तो उसमें रीढ़ की गुरिया टूटी निकली, वहीं शरीर के अन्य हिस्सों पैरों आदि में भी गंभीर चोट आई है। अब दिनेश अस्पताल में हैं और उनके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट है। दिनेश के चोटिल होने पर लोग सीवर लाइन बिछाए जाने वाली कार्यदायी संस्था को कोस रहे थे। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

# जेई को गोली मारने का आरोपी ठेकेदार पकड़ा

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** फाजिलपुर में जेई को गोली मारकर घायल करने के मामले में ठेकेदार के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा बरामद कर लिया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

चौक कोतवाली के मोहल्ला न्यू कालोनी नवादापुर निवासी रावेंद्र कुमार ने मदनापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र दीपक कुमार वर्मा एनसीसी लिमिटेड कंपनी में जेई के पद पर है। वर्तमान में कंपनी जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की पाइप लाइन डालने का काम कर रही है। शुक्रवार की शाम उसका पुत्र दीपक कुमार अपने साथियों के साथ फाजिलपुर गांव में काम देखने गया था। साइट पर काम कराने वाला ठेकेदार अजय कुमार सिंह निवासी सहजनपुर थाना मदनापुर मौके पर आ गया। जेई ने ठेकेदार से कहा कि अधूरे काम को पूरा कराओ तब पैसे का भुगतान होगा। आरोप है कि पूर्व ठेकेदार ने उसके बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। एसपी ने आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार करने के लिए टीम का गठन किया था। एसओ अश्वनी कुमार को शनिवार की दोपहर एक बजे सूचना मिली कि आरोपी ठेकेदार अजय कुमार सिंह प्राइमरी स्कूल सुंदरपुर के पास खड़ा है। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त ठेकेदार का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक उदयवीर सिंह, गौरव सोलंकी, हेकां सुबोध कुमार थे।

### कंपनी पर बकाया थे 24 लाख 86 हजार रुपये

पूछताछ के दौरान आरोपी ठेकेदार अजय कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी लिमिटेड कंपनी से 2022 सं पानी की टंकी, पाइप लाइन बिछाने तथा बाउंड्रीवाल का ठेका ले रखा था। उसके काम के कंपनी पर 34 लाख 82 हजार रुपये बने थे। कंपनी ने शुरू में 9 लाख 96 हजार रुपये का पेमेंट कर दिया था। ठेकेदार का कंपनी पर 24 लाख 86 हजार रुपये बकाया था। ठेकेदार को मिस्त्री व लेबर का भुगतान करना था। रुपये नहीं मिलने पर वह काम नहीं कर रहे थे। जिससे वह टेंशन में था। जेई ने ठेकेदार को बताया कि कंपनी ने तुम्हारे खाते में पांच लाख के बिल लगाए है। ठेकेदार ने जेई से कहा कि यह तो तीन महीने से बता रहे हो। जेई से बिल पास करने के लिए कहा तो मना कर दिया। इस दौरान जेई से कहासुनी हो गई और गुस्से में आकर जेई को गोली मार दी।

- **घायल जेई के पिता ने ठेकेदार के खिलाफ दर्ज कराई थी हत्या के प्रयास की रिपोर्ट**

### बाइक से टकराकर महिला की मौत

**निगोही।** थाना क्षेत्र के गांव परसोना खलीलपुर निवासी रामपाल पत्नी जयदेवी( 60 ) को लेकर शुक्रवार को रिश्तेदारी में निगोही थाना क्षेत्र के गांव पुरवा गए थे। दोनों लोग शाम साढ़े पांच बजे पैदल पुरवा गांव से अपने गांव वापस आ रहे थे। निगोही-तिलहर मार्ग पर विरासिन गांव के सामने बाइक ने सड़क पार करते समय जयदेवी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। युवक बाइक लेकर भाग गया। परिवार वाले घायल महिला को लेकर सीएचसी पर आए। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। महिला की इलाज के दौरान शुक्रवार की रात दस बजे मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका के दो बेटी तथा एक बेटा है। तीनों बच्चों की शादी हो गयी। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### जिला बदर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि सरफराज खां निवासी चमकनी गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन को जिला मजिस्ट्रेट ने 29 मई को छह माह के लिए जिला बदर किया था। पुलिस ने अभियुक्त सरफराज खां को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। अभियुक्त पर पहले से तीन मामले दर्ज है।




# प्रेमी की धमकी से आहत किशोरी ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में एक किशोरी ने प्रेमी की धमकी से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर आए। वहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कांट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री का सप्त्यारा गांव के मुनीश से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार शाम मुनीश ने किसी बात को लेकर बेटी से गाली गलौज करते हुए धमकी दी, जिससे आहत होकर उसने शनिवार सुबह करीब पांच बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर बेटी को जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के मुताबिक आरोपी मुनीश के घर शिकायत करने गए तो आरोपी ने अपने भाइयों अवधेश, दिनेश व देवराज के साथ मिलकर उनको पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- **शिकायत करने पर आरोपी ने परिवार वालों को पीटा, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

### युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

**निगोही।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के 18 वर्षीय पुत्र ने परिवारिक कलह की वजह से शनिवार दोपहर दो बजे रसोई में गमछा से फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बिना बताए शव उतार कर अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अविवाहित था।




### आज का मौसम

| 42.0° | 28.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### मकान की दीवार तोड़ सामान लूटने का आरोप

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत निगोही के मोहल्ला आजादनगर से सभासद संध्या सिंह ने एसपी को पत्र देकर बताया कि कुछ लोग उसके मकान के पास चकरोड पर कब्जा करना चाहते थे और इसी वजह से उन्होंने उसके मकान की दीवार तोड़ दी और चकरोड पर कब्जा कर उसे बंद कर दिया। आरोप लगाया कि सात जून को कब्जा करने वालों ने घर में रखा सामान भी लूट लिया। पीड़िता थाने गई लेकिन वहां सुनी नहीं गई। तब उसने एसपी से गुहार लगाई। एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी मूलचंद जिला बदायूं के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो आदि की धारा में मुकदमा एक सप्ताह पूर्व दर्ज किया गया था। आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने शुक्रवार की शाम आरोपी मूलचंद को कस्बा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव सौफरी निवासी रवि की पत्नी गुड़िया ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह वह खाना खा रही थी। उसी समय परिवार के रामपाल और उसकी पत्नी निधि, भाई सर्वेश, बहन सोनाक्षी के साथ आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध पर उसे पीट दिया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने दोनो पुत्रों दीशांत यादव व अभिषेक यादव के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **मुकेश यादव पुत्र श्री शेर सिंह यादव निवासी बाबा मंगलदास मंदिर 345, सिकलापुर, थाना बारादरी जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**

**विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर**
आई.टी.बी.पी. (बुखारा मोड़) लालफाटक रोड, बरेली
मो. 9695554511, 8107547973, 9760950306
हमारे यहां पर अर्जेंट जॉब खाली हैं!
रिसेप्शनिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, लैब कलैक्शन स्टॉफ, एक्सरे टेक्नीशियन
सैलरी 5000/- से 15000/- तक योग्यतानुसार
अति शीघ्र सम्पर्क करें!!!

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र राकेश एवं पुत्रवधू राजकुमारी पत्नी राकेश को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **ठाकुर दास पुत्र मूल चन्द ग्राम करमपुर थाना व तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**

रेस्टोरेन्ट में एक बिलिंग कार्य करने वाले **एकाउन्टेंट** की व एक **तन्दूरी शेफ** की।
(रहने व खाने की सुविधा फ्री)
सम्पर्क करें
**श्री कृष्णा रिजॉर्ट**
बड़ा बाईपास, लखनऊ-दिल्ली हाइवे, NH-27, बरेली
मो. 6398112074

**बिकाऊ है**

दुकान 12'x17' मय बेसमेंट जड़ समेत प्राइम लोकेशन नियर प्लाजा होटल चौपुला चौराहा, बरेली।
वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।
स्वीटी इन्टरप्राइजेज
9897805943, 9557826409

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### जुलाई से चलेगा खोजी अभियान, यहां पहले ही मिलने लगे लार्वा

बरेली। मलेरिया की रोकथाम के लिए मलेरिया विभाग की टीमें एक अप्रैल से सर्वे कर रही हैं। वहीं लार्वा खोजी अभियान के लिए एक जुलाई से डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स यानी डीबीसी की टीमें गठित करने की बात अफसर कर रहे हैं, लेकिन इसी बीच मंडलीय एंटोमोलॉजिस्ट के नेतृत्व में टीम ने जब देहात क्षेत्र के गांवों में सर्वे किया तो कई खेत और घरों में मच्छरों के लार्वा मिले। इससे मलेरिया विभाग की तैयारी पर सवाल उठ रहे हैं।

### ज्ञापन दिया तो शुरु हुई बिजली सप्लाई

पुवायां। मुड़िया वैश्य गांव की कृषि बिजली सप्लाई कई दिनों से बंद थी। भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र देकर कृषि कार्य हेतु बिजली सप्लाई शुरु कराए जाने की मांग की। जिसके बाद सप्लाई शुरू करा दी गई। ज्ञापन देने वालों में पवन कश्यप के साथ अवधेश, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, कल्लू, जदुवीर सिंह, अमरजीत, सुखवीर, सुजीत आदि मौजूद रहे।

# बूंद-बूंद से भरा था सागर... अब आपसी खींचतान में रुका विकास

## किसानों से एक रुपये प्रति क्विंटल कटौती कर कराया गया था जीके डिग्री कॉलेज के भवन का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रवक्ताओं की भारी कमी, प्रबंध समिति के पदाधिकारी बने लापरवाह
- नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश के लिए अब तक मात्र 40 छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन



गन्ना किसान डिग्री कॉलेज।

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत के लिए इंटर उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं डिग्री कॉलेज में प्रवेश ले रहे हैं लेकिन पुवायां के डिग्री कॉलेज में कई प्रवक्ताओं की कमी बनी हुई है। ऐसे में आखिर बिना प्रवक्ताओं के बच्चे कैसे शिक्षित बनेंगे। इस वर्ष अभी तक मात्र 40 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 जून है। हालांकि अभी तिथि बढ़ने की संभावना जताई जा रही है लेकिन अब तक मात्र 40 बच्चों द्वारा रजिस्ट्रेशन से कॉलेज और बच्चों दोनों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। बता दें किसानों से एक रुपये प्रति क्विंटल कटौती कर बूंद-बूंद जोड़कर कॉलेज के भवन का निर्माण कराया गया था। कॉलेज में प्रवक्ताओं और बाबू की आपसी खींचतान में डिग्री कॉलेज का विकास अवरूद्ध हो गया।

गन्ना किसान डिग्री कॉलेज की स्थापना को मंजूरी छात्र आंदोलन के फलस्वरूप वर्ष 1996 में तत्कालीन राज्यपाल मोतीलाल बोरा से मिली थी। कॉलेज की शुरूआत पुवायां में नाहिल रोड पर स्थित नवीन मंडी समिति में किराये का भवन लेकर की गई थी। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, अर्थशास्त्र की कक्षाओं को संचालित किया गया था। एक वर्ष बाद डिग्री कॉलेज की कक्षाओं को खुटार रोड स्थित पुवायां इंटर कॉलेज के पास पुवायां विद्या परिषद के भवन( वर्तमान पुवायां पब्लिक स्कूल ) में संचालित किया गया था। इसकी स्थापना के लिए गन्ना किसानों से एक रुपये प्रति क्विंटल की कटौती कर करके धन इकट्ठा किया गया। इन्हीं रुपयों से जेवां रोड पर रामलीला मैदान के सामने लखपेड़ा बाग के पास गन्ना किसान डिग्री कॉलेज के भवन का निर्माण कराया गया। जिसमें कक्षाएं संचालित करने के लिए नौ कमरे और एक प्रशासनिक भवन बनवाया गया। वर्ष 2003 में भवन निर्माण पूरा होने के बाद डिग्री कॉलेज अपने भवन में संचालित हो रहा है।

डिग्री कॉलेज में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के लिए वर्ष 2004-05 में शुरूआत की गई। बीएससी एग्रीकल्चर की मंजूरी के लिए रुहेलखंड विवि में निर्धारित राशि भी जमा की गई लेकिन इसके कुछ समय बाद कॉलेज में प्रवक्ताओं और बाबू की आपसी खींचतान में डिग्री कॉलेज का विकास अवरूद्ध हो गया। तब से आज तक कॉलेज में हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, अर्थशास्त्र विषयों की ही कक्षाएं संचालित हो रहीं हैं और इन विषयों में अंग्रेजी, समाजशास्त्र और संस्कृत के प्रवक्ताओं की कमी काफी लंबे समय से चल रही है। चूंकि इंटर परीक्षा का परिणाम आने के बाद कम खर्च में जो बच्चे गन्ना किसान डिग्री कॉलेज में प्रवेश लेना चाह रहे हैं, उन्हें अपने भविष्य और आर्थिक स्थिति के बारे में सोचना पड़ रहा है। प्रवेश पाने की अंतिम तिथि 10 जून है लेकिन अभी प्रवेश तिथि बढ़ने की संभावना जताई जा रही है लेकिन अब मात्र 40 बच्चों द्वारा प्रवेश लेने से कॉलेज और बच्चों दोनों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

### प्रबंध कमेटी भी है उदासीन, दो वर्ष से नहीं हुई कोई बैठक

डिग्री कॉलेज की प्रबंध कमेटी में जिला अधिकारी पदेन अध्यक्ष हैं और इसके अलावा एसडीएम, गन्ना विकास अधिकारी, सीडीओ भी पदेन पदाधिकारी हैं। सदस्य के तौर पर प्रतिष्ठित लोगों को भी कमेटी में शामिल किया गया है। इसके बावजूद भी डिग्री कॉलेज की उन्नति को लेकर कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। कॉलेज सूत्रों के मुताबिक दो वर्ष से कॉलेज प्रबंध समिति की बैठक ही नहीं हुई। जिससे कॉलेज की प्रगति पर कोई चर्चा हो सके।

### लाखों रुपये का कुछ अता-पता नहीं

गन्ना किसान डिग्री कॉलेज में बीएससी एजी की कक्षाएं संचालित किए जाने को लेकर लगभग 15 वर्ष पहले विश्वविद्यालय में लाखों रुपये की फीस जमा की गई थी। बीएससी एजी की कक्षाएं संचालित हो पाईं और न ही रुहेलखंड में जमा किए गए रुपये के बारे में कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों ने भी मोड़ा मुंह

शिक्षा को लेकर बड़ी बड़ी बातें करने वाले जनप्रतिनिधियों ने डिग्री कॉलेज की ओर से मुंह फेर लिया है, शायद यही वजह है कि स्थापना काल से लेकर मौजूदा दौर तक डिग्री कॉलेज में बीए की कक्षाओं के अलावा अन्य विषयों की कक्षाएं संचालित नहीं हो पाईं हैं।

### डिग्री कॉलेज का भवन भी दरकने लगा

डिग्री कॉलेज का भवन अब दरकने लगा है। प्रशासनिक भवन से जैसे ही कक्षाओं की ओर पहुंचेंगे तो गैलरी में लिंटर चटका नजर आए। प्लास्टर पूरी तरह से उखड़ गया है। छत की ईंटे दिखाई दे रहीं हैं। बरसात के दिनों में यह हिस्सा टपकने लगता है, वहीं फार्श भी दरक गई है। टॉयलेट की सीटे भी नीचे धंस गईं हैं। भवन बनाते समय छत का ढाल भी सही तरह से नहीं बनाया गया। बरसात के दिनों में छत पर पानी भरा रहता है। हालत यह है कि डिग्री कॉलेज भगवान भरोसे चल रहा है।

### पुस्तकालयध्यक्ष की भी नहीं है तैनाती

डिग्री कॉलेज में कहने को तो पुस्तकालय है, लेकिन पुस्तकालयध्यक्ष का पद खाली होने की वजह से पुस्तकालय भी बंद रहता है, यदि किसी छात्र को किसी विषय पर कुछ अध्ययन करना हो या जानकारी लेनी हो तो उसे जानकारी नहीं मिल पाती।

> अभी तीस जून तक परीक्षाएं चलेगी, इसके बाद प्रबंध समिति की बैठक होगी, तब फिर डिग्री कॉलेज में स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए आवेदन की विज्ञप्ति जारी की जाएगी। नए प्रवेश के लिए अभी रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं।
> – डॉ. निवेदिता वाजपेयी, प्राचार्य

## शर्बत और शिकंजी ने पहुंचाई राहगीरों को राहत

**कुर्रियाकलां, अमृत विचार:** चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। लोग लू का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में भरी दोपहरी में राहगीरों को यदि शीतल जल और शर्बत मिल जाए तो वह अमृत से कम नहीं है।धूप से झुलस रहे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए समाजसेवी कुलदीप तिवारी दीपू ने शाहजहांपुर जलालाबाद स्टेट हाईवे स्थित हनुमान जी के मंदिर पर पूजा अर्चना कर राहगीरों को ठंडा पानी, शिकंजी और शरबत पिलवाया। तेज गर्मी के बीच राहगीरों को शीतल जल एवं शर्बत मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सुबह से दोपहर बाद तक शर्बत वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। प्रमुख रूप से गीता तिवारी, दीपू तिवारी, रमन किशोर अवस्थी, अनुराग अवस्थी, गोपाल अवस्थी, आसाराम अवस्थी, शैलेंद्र मिश्रा आदि का सहयोग रहा।


कुर्रियाकलां में भीषण गर्मी में शर्बत का आनंद लेते लोग।

# वजन नियंत्रण, मधुमेह प्रबंधन शिविर शुरु

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


ददरौल के नवनिर्वाचित विधायक अरविंद का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन करते आयोजक।

- ददरौल के नवनिर्वाचित विधायक ने किया प्रारंभ, आयोजकों ने किया अभिनंदन

**अमृत विचार:** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में शनिवार से वजन नियंत्रण-मधुमेह प्रबंधन नामक पांच दिवसीय विशेष योग शिविर शुरू हुआ, जिसका प्रारंभ ददरौल क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अरविंद सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि का अभिनंदन भी किया गया।

हनुमत धाम स्थित मल्टीलेबल पार्किंग की छत पर शुरू हुए योग शिविर में संस्थापक डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने योग का महत्व समझाते हुए लोगों का आह्वान किया कि वह सुबह थोड़ा समय अपने स्वास्थ्य के लिए जरूर निकालें। नियमित योगाभ्यास से अन्य बीमारियों के अतिरिक्त वजन और मधुमेह पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके पश्चात जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, रचना चांदना, विपिन रस्तोगी, आलोक दुबे, तेजवीर गुप्ता, संध्या गुप्ता, सरोज कश्यप, सौरभ गोयल आदि ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

इससे पहले संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी व जिला मंत्री कवि डॉ. इंदु अजनबी ने विधायक अरविंद सिंह का माल्यार्पण कर व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। आयोजन में प्रमुख रूप से डॉ. अवनीश मिश्र, ललित मोहन, राजवीर सिंह यादव, स्वतंत्र कुमार रस्तोगी, डॉ. राजेन्द्र कुशवाहा, निमिषा मिश्रा, मोनिका धवन, मधु सक्सेना, निशा बरनवाल, शिखा शर्मा, पायल अग्रवाल, प्रमोद पाण्डेय, मीनाक्षी अग्रवाल, दीपक मौर्य, आशाराम गुप्ता, अविनाश मिश्रा, नीलम सिंह, पूनम सिंह, सोनी सिंह, लवी सिंह समेत बड़ी संख्या में साधक-साधिकाएं शामिल रहे। शिविर का समापन 12 जून होगा।

## दीवार उठाकर रास्ता कर दिया बंद

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव गुरुगवा निवासी सुनीता पत्नी पारस ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के किनारे खेत में उन्होंने अपना मकान बनाया है।


पीड़िता सुनीता।

उनके घर को जाने के लिए सरकारी चक मार्ग है। इस मार्ग पर एक व्यक्ति ने कब्जा करके दीवार उठा दी और उनके घर को जाने वाला रास्ता बंद कर दिया है। इस संबंध में तहसील प्रशासन से शिकायत की लेकिन इसके बाद भी रास्ता खोलने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने रास्ता खुलवाए जाने के लिए टीम गठित कर दी।

# पोल खुलने से घबराए, तालाब में भरवाया पानी

संवाददाता, खुटार

- सीडीओ से पहले पहुंचे बीडीओ
- अमृत विचार में खबर छपने के बाद स्थिति सुधारने के दिए निर्देश


चेतावनी बेअसर...कागजों में भरे जा रहे अमृत सरोवर...हालत बदतर
अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


अंडहा गांव में अमृत सरोवर में पानी भरवाते बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा, व ग्राम प्रधान विंतोष कुमार।

**अमृत विचार:** अमृत विचार ने शनिवार के अंक में सरोवरों के मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया, तो सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने संज्ञान में लेकर खुटार बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा को सरोवरों में पानी भरने के साथ ही स्थिति सुधारने के दिशा निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक, सीडीओ सोमवार को सरोवरों का निरीक्षण कर सकती है। इससे पहले खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा ने कई सरोवरों का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव अंडहा में सूखे पड़ा सरोवर में मोटर से इंतजाम कर पानी भरवाना शुरू करा दिया।

खुटार ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को डर है कि कही, सीडीओ पहुंची तो पोल खुल जाएगी। सीडीओ के निरीक्षण करने के पहले ही सरोवरों में पानी भरने के इंतजाम शुरू हो गए है। बता दें कि खुटार में कई अमृत सरोवर में पानी, पेड़ की छांव, बैठने की व्यवस्था नहीं है। सरोवरों के चारों ओर झाड़ियां उग गई है। साफ सफाई नहीं रहने से व्यवस्था चौपट हो गई है। उन सरोवरों का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार सिर्फ कागजों में चलाया जा रहा है। ऐसे में अधिकारी भी जांच करने मौके पर नहीं पहुंच रहे है। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने अमृत सरोवर, तालाब में पानी भरने के आदेश दिए भी दिए थे। पशु पक्षियों की प्यास और भू जल स्तर की कमी को पूरा किया जा सके।

अमृत सरोवर के मुद्दे को अमृत विचार अखबार ने 22 मई को खबर को प्रकाशित किया था। उसी दिन सीडीओ ने विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में अमृत सरोवर में जल की उपलब्धता करने की जिम्मेदारी सभी बीडीओ को सौंप गई थी। इस चेतावनी के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अमृत विचार में शनिवार को खबर छपी तो सीडीओ ने निरीक्षण कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की हिदायत दी। सीडीओ सभी सरोवरों का निरीक्षण करे इससे पूर्व शनिवार को बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा ने गांव अंडहा के सरोवर में पानी भरना शुरू करा दिया। उनके साथ प्रधान बिंतोष ने गांव के किसान के मोटर से पानी तालाब में छोड़ रहे हैं।

# समाधान दिवस: कांट में आईं तीन शिकायतें, एक निस्तारित

संवाददाता, कुर्रिया कला


कांट थाना दिवस में शिकायतें सुनते पुलिस अधिकारी और लेखपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांट में शनिवार को थाना समाधान दिवस सीओ सदर अमित चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल तीन शिकायतें आईं, जिसमें एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष दो शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारित करने के संबंधित को निर्देश दिए।

इस दौरान सीओ सदर अमित ने कहा कि राजस्व संबंधित मामलों के लिए पुलिस और राजस्व संबंधी टीमों का गठन किया जाए और मौके का मुआयना करके शीघ्र निस्तारण किया जाए। कोतवाली प्रभारी दयाशंकर सिंह ने थाना स्टाफ व लेखपालों से कहा कि आप लोग अगर फरियादियों की समस्या का निदान समय से कर देंगे, तो तहसील दिवस या थाना दिवस पर इतनी भीड़ नही लगेगी। फरियादी मुख्यमंत्री दरबार नहीं पहुंचेंगे। इस मौके पर क्राइम निरीक्षक सत्य सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार ,उपनिरीक्षक पंकज सिंह,विपिन शर्मा, देवेश कुमार,भूपेंद्र कुमार, सतेंद्र कुमार साहित थाना कांट का स्टाफ एवं लेखपाल सदर के उपस्थित रहे।

**तिलहर में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें : तिलहर :** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अंजलि गंगवार एवं सीओ प्रयांक जैन ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान आईं छह शिकायतों में एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद कोतवाली में शनिवार को हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अंजलि गंगवार ने सबसे पहले पुरानी शिकायतों का अवलोकन किया। इसके बाद रटा गांव के श्रीपाल विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने जमीन गांव में खरीदी थी लेकिन अभी तक उसे कब्जा नहीं मिल सका। शाहजहांपुर बीवीजई हद्दफ के हामिद शाह फरीदी ने बताया कि उनकी बढेपुर गांव में पुश्तैनी जमीन है जिस पर लगे उनके लिप्टिस के पेड़ दबंग लोग कटवाने की नियत से लगे हैं। सीओ प्रयांक जैन ने जमीन से संबंधित विवादों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश कोतवाल विशाल प्रताप सिंह को दिए।

## रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा

**जलालाबाद, अमृत विचार :** छोटी मंडी में आशीष शुक्ला होटल के पास मिनरल वाटर बिक्री का काम करता है। गोपाल नामक एक व्यक्ति ने उससे एक पानी की बोतल ली और पैसे नहीं दिए, जब उसने रुपये मांगे तो गोपाल ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


पीड़ित आशीष।

### राज्यसभा सांसद ने डीएम सीडीओ का लिखा पत्र

**शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद /पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने जिलाधिकारी और सीडीओ को योजना के तहत लगाए गए वृक्षों में पानी डलवाने की व्यवस्था के लिए पत्र लिखा है। साथ ही कहां पेड़ लगाए गए हैं। उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# बितौनी ने जीती क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी

संवाददाता, पुवायां

- फाइनल मुकाबले में सुनारा इलेवन टीम को दी शिकस्त
- आयोजक ने विजेता और उप विजेता टीमों को किया पुरस्कृत


क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी के साथ बितौनी की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सुनारा बुजुर्ग में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बितौनी की टीम ने सुनारा इलेविन को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

शनिवार को फाइनल मुकाबला बितौनी व सुनारा इलेवन के बीच खेला गया। सुनारा इलेवन टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सुनारा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 14 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 129 रन बना डाले। मोनीष ने 38 रन और हर्षित सिंह ने महत्वपूर्ण 36 रन का योगदान दिया।

जीत के लिए मिले 130 रनों का पीछा करने उतरी बितौनी की टीम के दमदार प्रदर्शन करते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। विजेता टीम की ओर से मोसिन ने 30, सचिन 35 व विकास मिश्रा ने 40 रन की शानदार पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाने में महती भूमिका निभाई। अंपायरिंग अंकित मिश्रा व सत्यम गिरी ने तथा कमेंट्री सूरज पांडेय और वाशिम खां ने की।

रोमांचक मुकाबले में विकास मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आयोजक विकास पांडेय ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर और मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। साथ ही विजेता टीम को 5100 रुपये तथा उपविजेता टीम को 2500 रुपए नगद पुरस्कार भी दिया। सुनारा प्रीमियर लीग के आयोजक विकास पांडेय सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री चार जून की शाम पांच बजे घर से किसी काम से निकली थी। वह रात दस बजे तक वापस नहीं आई तो उसकी रिश्तेदारी आदि स्थानों पर तलाश की।

लेकिन उसका पता नहीं चला। पुत्री के मोबाइल पर एक अज्ञात युवक बात करता था। उसने रोका भी था। पुत्री का मोबाइल बंद है। उसने आशंका व्यक्ति की है कि फोन करने वाला युवक उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया है। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

# एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में बसई ने चौराबगरखेत को हराया


राहुल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता , मिर्जापुर

**अमृत विचार:** हरिहरपुर में चल रहे एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को बसई व चौराबगरखेत के बीच मैच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बसई टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। जवाब में चौराबगरखेत की टीम 10 ओवर में 64 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। बसई टीम के खिलाड़ी राहुल ने 18 गेंदों पर 46 रनों की धुआंधार पारी खेली। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। अनुराग यादव, सतीश, रुचित कुमार, मधुर कुमार, प्रशांत आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## करियर काउंसिलिंग में मेधावी सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस एवं हॉस्पिटल, बरेली की ओर से मोहनगंज स्थित कार्यालय में करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित कर इंटर के मेधावियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजश्री कॉलेज के मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव राजविधि गौतम, निदेशक डॉ. पंकज शर्मा, विभागाध्यक्ष अनुज वर्मा, अश्वनी सक्सेना, काउंसलर साक्षी सक्सेना एवं सुरभि सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को करियर संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में इंटर में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# केवाईसी के विरोध में कोटेदार, खाद्य आयुक्त को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कहा-खाद्यान्न वितरण के दौरान केवाईसी करने में होगी मुश्किल
- किसी अन्य सरकारी कर्मचारी से केवाईसी कराने की मांग


केवाईसी का विरोध करते कोटेदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरकार द्वारा खाद्यान्न वितरण के लिए उपभोक्ताओं की कोटेदारों से ई केवाईसी कराए जाने का कोटेदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। तमाम कोटेदार आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले इकट्ठा होकर शनिवार को कलेक्ट्रेट ज्ञापन देने पहुंचे लेकिन छुट्टी होने की वजह से अधिकारी नहीं मिले। जिस पर कोटेदारों ने हस्ताक्षरयुक्त विरोध पत्र खाद्य आयुक्त को पत्र डाक से भेजा है।

खाद्य आयुक्त को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों का ईकेवाईसी आदर्श कोटेदारों से आठ जून से 30 जून तक कराए जाने और आठ जून से 25 जून तक खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्यान आदि वितरण में सर्वर की समस्या एवं लाभार्थियों के भीड़ का सामना करना पड़ता है। अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के सभी सदस्यों का ईकेवाईसी करने पर आदर्श कोटेदारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है और कार्ड धारकों की ओर से अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने की संभावना बन सकती है इसलिए इन समस्याओं पर विचार करते हुए अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों का ईकेवाईसी आदर्श कोटेदारों से न कराकर किसी भी सरकारी कर्मचारी के माध्यम से कराई जाए।

राशन दुकानदार राशन कार्ड बनाने और अपात्र राशन कार्ड चिन्हित करके कटाने व ईकेवाईसी आदि कार्य नियमानुसार नही है, यह कार्य आदर्श कोटेदारों से न कराए जाएं अन्यथा संगठन कोर्ट जाने को विवश होगा। कोटेदारों ने इसकी एक-एक प्रति मुख्य सचिव, डीएम और जिला पूर्ति अधिकारी को भी दी है। भेजे गए ज्ञापन पर संगठन के जिलाध्यक्ष जागेश्वर उर्फ जग्गू मिश्रा, जिला सचिव मनोज कुमार त्रिवदी, मुनिंदर सिंह, मुकेश त्रिवेदी, संजय मिश्रा, प्रतेश सिंह, नीरज कुमार, सोनू मिश्रा, भगवानदीन कनौजिया आदि के हस्ताक्षर हैं।

# दामाद को बचाने आई वृद्धा की लाठी से पीटकर हत्या

## शराब के नशे में थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव भेड़ा में हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शराब के नशे में घर में घुसकर दबंग ने एक व्यक्ति पर लाठी से प्रहार शुरू कर दिया। बचाने आई सास पर भी हमला कर दिया। एक लाठी महिला के सिर में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में ले लिया।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भेड़ा निवासी वनासुर की सास सरस्वती (70) निवासी गांव सनेकपुर जिला मऊ उनके पास ही रहती थीं। शुक्रवार रात को भेड़ा गांव का तेजपाल शराब के नशे में आया और वनासुर के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर तेजपाल ने वनासुर पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने दोनों को शांत करा दिया। इसके बाद वनासुर अपने घर आ गया। कुछ देर बाद तेजपाल लाठी लेकर वनासुर के घर में घुस गया और हमला कर दिया। वनासुर को बचाने आई सरस्वती पर भी तेजपाल ने ताबड़तोड़ लाठियों से प्रहार कर दिए। एक लाठी सरस्वती के सिर में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सरस्वती के गिरते ही तेजपाल घर से भाग गया ग्रामीणों की सूचना पर हजरतपुर थाना प्रभारी बृजेश सिंह मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वनासुर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी तेजपाल को हिरासत में ले लिया है। सरस्वती की हत्या के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव पूर्ण स्थिति बनी हुई है। शनिवार को एसपी देहात राममोहन सिंह और सीओ दातागंज केके तिवारी गांव पहुंचे और जानकारी ली।

**दामाद के यहां वर्षों से रहती थीं सरस्वती**

ग्रामीणों ने बताया कि हजरतपुर के भेड़ा निवासी वनासुर का विवाह कई वर्ष पूर्व जिला मऊ के गांव सनेकपुर निवासिनी लीलावती के साथ हुआ था। लीलावती की मां की देखभाल करने वाला कोई नहीं था। तब वह बेटी-दामाद के पास रहने लगीं। शुक्रवार को हुए विवाद के बाद तेजपाल ने लाठी से पीटकर सरस्वती की हत्या कर दी। बताया जाता है कि दोनों के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था।

आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा जाएगा। शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें सरस्वती की मौत हो गई। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस कर्मी तैनात कर दिए हैं। - **बृजेश सिंह, थाना प्रभारी हजरतपुर**

## स्नातक में प्रवेश के लिए अब 30 तक होंगे पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 30 जून तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। अब तक करीब 58 हजार पंजीकरण हुए हैं। अब महाविद्यालय भी 30 जून तक पंजीकरण कराकर मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकेंगे।

